Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 01-12-2005

Participants : Mehta Shri Bhubneshwar Prasad

>

Title : Need to check illegal mining of coal and other minerals in Jharkhand.

श्री भुवनेश्वर प्रसाद मेहता (हज़ारीबाग) : अध्यक्ष महोदय, झारखंड में हर महीने अरबों रुपए के कोयला और लाइमस्टोन की तस्करी होती है और अवैध खनन के कारण हर वा 100-150 लोगों की मृत्यु होती है। दिनांक 19 सितम्बर, 2005 को हजारीबाग जिले में सी.सी.एल. की एक खान में 300-350 मजदूर काम कर रहे थे। एकाएक खान धंसने से 15 मजदूरों की मौत हो गई जिसमें 11 महिलाएं थीं। कोयले के अवैध उत्खनन में, सारे पुलिस पदाधिकारी, कोयला तस्कर, सारे लोग, यहां तक कि मंत्री तक लगे हुए हैं और अरबों रुपए की खुल्लमखुल्ला तस्करी हो रही है। इसमें बराबर सी.सी.एल. के कुछ पदाधिकारी और कोल इंडिया के कुछ पदाधिकारी सम्मिलित हैं। इस प्रकार से लगातार कोयला और अन्य खनिज सम्पदा की तस्करी हो रही है। इससे केन्द्र सरकार और राज्य सरकार को अरबों रुपए का घाटा हो रहा है।

महोदय, विशोरूप से जो गरीब लोग हैं, जो कोयला खनन में रोजगार प्राप्त करना चाहते हैं, अवैध उत्खनन के कारण उन्हें जॉब नहीं मिल रहा है और उन्हें 400-500 रुपए की बजाय अवैध खनन करने वाले तस्कर लोग मात्र 50-60 रुपए देते हैं। इस प्रकार से गरीब मजदूरों का शोाण हो रहा है। वहां अ वैध खनन बहुत तेजी से चल रहा है। राज्य सरकार अवैध खनन को रोकने में बिलकुल विफल रही है और सारे मंत्री तथा पदाधिकारी इसमें लगे हुए हैं और करोड़ों रुपए की आमदनी, कोयला एवं अन्य खनिजों की अवैध तस्करी से कर रहे हैं। इसलिए मैं केन्द्र सरकार से अपील करता हूं कि वह झारखंड में अवैध खनन को रोकने के लिए कारगर कदम उठाए और इस अवैध खनन में जो गरीब मजदूर, तस्करों के माध्यम से खनन कार्य में लगे हुए हैं, उन्हें बचाने का उपाय करä[rpm17]।